No. of Printed Pages/Questions: 10/17

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Yearly Examination (2023 – 2024)



**Class: VIII** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 3.15Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

---

**सामान्य निर्देश :–**

(1) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र मुद्रित पृष्ठ 12 हैं।

(2) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में 17 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरु करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

(4) इस प्रश्न–पत्र में दो खंड हैं– **खंड–'अ'** और **खंड– 'ब'**। **खंड–'अ'** में बहुविकल्पीय / वस्तुपरक और **खंड–'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(5) **खंड–'अ'** में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(6) **खंड–'ब'** में कुल 7 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(7) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

## (खण्ड 'अ')

## (बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्न)

**प्र0 1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X5=5)**

जिस तरह से एक ज़माने में लोकगीत जनमानस के सुख–दुख, आकांक्षा, उल्लास और उम्मीद को स्वर देते थे, आज फ़िल्मी गीत उसी भूमिका को निभा रहे हैं। इतना ही नहीं देश की विविधता को एकता के सूत्र में बाँधने में हिंदी फ़िल्मों का योगदान सभी स्वीकार करते हैं। हिंदी भाषा की शब्द संपदा को समृद्ध करने का जो काम राजभाषा विभाग तत्सम शब्दों की सहायता से कर रहा है वही कार्य फ़िल्मी गीत और डायलॉग लिखने वाले विविध क्षेत्रीय भाषाओं के मेल से करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। यह गाने जन–जन के गीत इसी कारण बन सके, क्योंकि इनमें राजनीति के उतार–चढ़ाव की अनुगूँजों के साथ देहाती कस्बाई और नए बने शहरों का देशज जीवन दर्शन भी आत्मसात किया जाता रहा है। भारत की जिस गंगा–जमुनी संस्कृति का महिमामंडन बहुधा होता है उसकी गूँज भी इन गीतों में मिलती है। आज़ादी की लड़ाई के दौरान लिखे प्रदीप के गीत हों या स्वाधीनता प्राप्ति के साथ ही होने वाले देश के विभाजन की विभीषिका, सभी को इन गीतों में बहुत संवेदनशील रूप से व्यक्त किया गया है।

हिंदी फ़िल्मी गीतों के इस संसार में हिंदी–उर्दू का 'झगड़ा' भी कभी पनप नहीं सका। प्रदीप, नीरज जैसे शानदार हिंदी कवियों, इंदीवर तथा शैलेंद्र जैसे श्रेष्ठ गीतकारों और साहिर, कैफ़ी, मज़रूह जैसे मशहूर शायरों को हिंदी सिनेमा में हमेशा एक ही बिरादरी का माना जाता रहा है। परवर्तियों में गुलज़ार ऐसे गीतकार हैं जिन्होंने उर्दू, हिंदी, पंजाबी, राजस्थानी के साथ पुरबिया बोलियों में मन को मोह लेने वाले गीतों को रचकर भारत की साझा संस्कृति को मूर्तिमान कर दिया है। वस्तुतः भारत में बनने वाली फ़िल्मों में आने वाले गीत उसे विश्व–सिनेमा में एक अलग पहचान देते हैं। ये गीत सही मायने में भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को अभिव्यक्त करते हैं।

**(i) हिंदी फ़िल्मी गीतों और लोकगीतों में क्या समानता है ?**

(अ) ये जनमानस की रीति–रिवाज़ों, उनकी लालसाओं, उनकी सोच और कल्पनाओं को स्वर देते हैं।

(ब) ये जनमानस के जीवन के अनुभवों, आमोद–प्रमोद, विचारों और दर्शन को स्वर देते हैं।

(स) ये जनमानस के आनंद, उनके शोक, उनके हर्ष और उनकी आशाओं को स्वर देते हैं।

(द) ये जनमानस के जीवन के यथार्थ और कठोरताओं में ज़िंदा रहने की चाह को स्वर देते हैं।

**(ii) हिंदी भाषा की शब्द संपदा को समृद्ध करने का काम फ़िल्मी गीतों ने किस प्रकार किया ?**

(अ) राजभाषा विभाग के सहयोग से।

(ब) विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं के मेल से।

(स) विविध भाषाओं की फ़िल्मों को प्रोत्साहित करके।

(द) विविध भाषाओं की फ़िल्मों को हतोत्साहित करके।

**(iii) उपर्युक्त गद्यांश में हिंदी फ़िल्मी गीतों की किस विशेषता पर सर्वाधिक बल दिया गया है ?**

(अ) ये गीत कलात्मक श्रेष्ठता को अभिव्यक्त करते हैं।

(ब) ये गीत साम्प्रदायिक सद्भाव को अभिव्यक्त करते हैं।

(स) ये गीत पारस्परिक प्रेम को अभिव्यक्त करते हैं।

(द) ये गीत सांस्कृतिक खूबसूरती को अभिव्यक्त करते हैं।

**(iv) ''हिंदी फ़िल्मी गीतों के इस संसार में हिंदी–उर्दू का 'झगड़ा' भी कभी पनप नहीं सका।'' इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित तर्कों पर विचार कीजिए–**

(क) यहाँ सभी गीतकारों को एक ही बंधुत्व वर्ग का माना जाता है।

(ख) ये गीतकार सभी भाषाओं में समान रूप से गीत लिखते हैं।

(ग) इन गीतकारों में आपसी वैमनस्य व झगड़ा होता है।

(अ) केवल 'क' सही है　　(ब) केवल 'ख' सही है

(स) केवल 'ग' सही है　　(द) 'क' और 'ख' दोनों सही है

**(v) कथन (A) और कारण (R) को पढकर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

**कथन (A)** **हिंदी फ़िल्मों के गाने जन–जन के गीत बन गए हैं।**

**कारण (R)** **इन गीतों में राजनीति की अनुगूँजों के साथ, देहाती, कस्बाई और नए बने शहरों का जीवन दर्शन भी आत्मसात किया जाता रहा है।**

(अ) कथन **(A)** गलत है, किंतु कारण **(R)** सही है।

(ब) कथन **(A)** और कारण **(R)** दोनों गलत हैं।

(स) कथन **(A)** सही है और कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(द) कथन **(A)** सही है, किंतु कारण **(R)** कथन **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

**प्र0 2 निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X5=5)**

चिड़िया को लाख समझाओ
कि पिंजरे के बाहर
धरती बहुत बड़ी है, निर्मम है,
वहाँ हवा में उन्हें
अपने जिस्म की गंध तक नहीं मिलेगी
यूँ तो बाहर समुद्र है, नदी है, झरना है,
पर पानी के लिए भटकना है
यहाँ कटोरी में भरा जल गटकना है
बाहर दाने का टोटा है,
यहाँ चुग्गा मोटा है
बाहर बहेलिए का डर है,
यहाँ निर्द्वंद्व कंठ–स्वर है।
फिर भी चिड़िया
मुक्ति का गाना गाएगी,
मारे जाने की आशंका से भरे होने पर भी,
पिंजरे से जितना अंग निकल सकेगा, निकालेगी
हरसूँ ज़ोर लगाएगी
और पिंजरा टूट जाने या खुल जाने पर उड़ जाएगी।

**(i) कवि के अनुसार, धरती कैसी है ?**

(अ) बहुत ही छोटी है। (ब) बहुत हरियाली युक्त है।
(स) बहुत खूबसूरत और आकर्षक है। (द) बहुत बड़ी व निर्मम है।

**(ii) चिड़िया को किसके लिए भटकना पड़ेगा ?**

(अ) पानी के लिए (ब) आटे के लिए
(स) दाल के लिए (द) घोंसले के लिए

**(iii) चिड़िया को बाहर किसका डर है ?**

(अ) मनुष्यों का (ब) बहेलिए का
(स) हिंसक जानवरों का (द) कीड़े–मकोड़ों का

**(iv) बाहर प्राणों का खतरा होने पर भी चिड़िया मुक्ति का गाना क्यों गाना चाहती है ?**

(अ) आज़ादी के सामने सारी सुख–सुविधाएँ बेकार हैं।
(ब) वह निडर है।
(स) घूमना–फिरना अच्छा लगता है।
(द) हिंसक प्राणियों का सामना करना है।

**(v) चिड़िया कब उड़ जाएगी ?**

(अ) जब पानी मिल जाएगा (ब) जब बहेलिया भाग जाएगा

(स) जब कंठ–स्वर मधुर हो जाएगा (द) जब पिंजरा टूट जाएगा

**प्र0 3 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार चुनकर लिखिए – (1X4=4)**

**(i) 'हम सभी सैलानी आगे चलने मं असमर्थ थे।' प्रस्तुत वाक्य का वाच्य पहचानिए–**

(अ) कर्मवाच्य (ब) भाववाच्य

(स) कर्तृवाच्य (द) अकर्तृवाच्य

**(ii) 'उसने नेपाली बोली सीखी'– वाक्य का कर्मवाच्य होगा–**

(अ) उसके द्वारा नेपाली बोली सीखी गई । (ब) उसने नेपाली बोली सीख ली ।

(स) उससे नेपाली बोली सीख ली जाएगी। (द) उससे नेपाली नहीं सीखी जाती है ।

**(iii) निम्नलिखित वाक्यों में से भाववाच्य का उदाहरण नहीं है –**

(अ) उससे तो दौड़ा भी नहीं जाता । (ब) बूढ़ी काकी से उठा भी नहीं जाता ।

(स) बूढ़े दादू से रोटी भी नहीं खाई जाती । (द) रमेश से सोया भी नहीं जाता ।

**(iv) निम्नलिखित में से कौन–सा वाक्य कर्तृवाच्य का उदाहरण है ?**

(अ) अधिकारी द्वारा सबको सूचना दी गई। (ब) अफसरों से कुछ–का–कुछ बहाना बनाया गया।

(स) चेयरमैन द्वारा आदेश पारित किया गया। (द) सैलानी पहाड़ों के दौरे पर निकल पड़े।

**(v) स्तंभ I और स्तंभ II को सुमेलित करके सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

| | स्तंभ – I | | स्तंभ – II |
|---|---|---|---|
| **(क)** | गेंदबाज द्वारा फुलटॉस गेंद फेंकी गई। | **(I)** | कर्तृवाच्य |
| **(ख)** | भारतीय महिला क्रिकेटरों का प्रदर्शन सराहनीय था। | **(II)** | कर्मवाच्य |
| **(ग)** | चोटिल बल्लेबाज़ से दौड़ा नहीं जा सका। | **(III)** | भाववाच्य |

(अ) (क) – (I), (ख) –(III) (ग) – (II)

(ब) (क) – (I) (ख) – (II) (ग) – (III)

(स) (क) – (II) (ख) – (I) (ग) – (III)

(द) (क) – (III) (ख) – (II) (ग) – (I)

**प्र0 4 'पद–परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार चुनकर लिखिए– (1X4=4)**

**(i) 'हमें इंसानियत की राह पर चलना चाहिए।' रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा–**

(अ) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

(ब) भाववाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

(स) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, संबंधकारक

(द) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक

**(ii) उसी ज़माने में यह घटना <u>घटी</u> । – रेखांकित अंश का पद परिचय होगा**

(अ) सकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल।

(ब) अकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल।

(स) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, स्त्रीलिंग, भूतकाल।

(द) सकर्मक क्रिया, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमानकाल ।

**(iii) निम्नलिखित में किस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण का प्रयोग हुआ है ?**

(अ) कौन–कौन घूमने जाएगा ?    (ब) बाहर कौन आया है ?

(स) कौन–सी पुस्तक ले आऊँ ?    (द) कौन शोर मचा रहा है ?

**(iv) 'जाड़े में चारों ओर <u>कुहरा</u> छा जाता है।' रेखांकित शब्द का पद–परिचय है –**

(अ) जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन    (ब) भाववाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन

(स) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन    (द) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन

**(v) 'आज के समय में <u>कम</u> लोगों को ही नौकरी मिलती है पर वे भी इस विषय में <u>कम</u> बोलते हैं।' दोनों वाक्यों के <u>कम</u> का सामान्य पद–परिचय होगा –**

(अ) पहला कम – सार्वनामिक विशेषण, दूसरा कम– अनिश्चित संख्यावचाक विशेषण

(ब) पहला कम अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण, दूसरा कम अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(स) पहला कम अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण, दूसरा कम अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(द) पहला कम अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण, दूसरा कम अनिश्चित परिमाणवाचक क्रिया–विशेषण

**प्र0 5 'वाक्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार चुनकर लिखिए –** **(1X4=4)**

**(i) 'न तो अनामिका अंग्रेज़ी पढ़ सकी और न ही दीपिका।' इसका सरल वाक्य होगा।**

(अ) अनामिका और दीपिका दोनों ही अंग्रेज़ी न पढ़ सकीं।

(ब) अनामिका भी अंग्रेज़ी नहीं पढ़ सकी और दीपिका भी अंग्रेज़ी नहीं पढ़ सकी।

(स) यद्यपि अनामिका और दीपिका अंग्रेज़ी पढ़ सकती थीं, फिर भी न पढ़ सकीं।

(द) चूँकि अनामिका अंग्रेज़ी नहीं पढ़ सकी इसलिए दीपिका भी अंग्रेज़ी नहीं पढ़ सकी।

**(ii) 'वर्षा होते ही धरती पर हरियाली छा जाती है।' इसका संयुक्त वाक्य होगा–**

(अ) वर्षा होने पर धरती पर हरियाली छा जाती है।

(ब) वर्षा होती है और धरती पर हरियाली छा जाती है।

(स) जब वर्षा होती है, तब धरती पर हरियाली छा जाती है।

(द) क्योंकि वर्षा होती है, इसलिए धरती पर हरियाली छा जाती है।

**(iii) 'गांधी जी की पुकार पर देशवासी इकट्ठे हो गए।' इसका मिश्र वाक्य होगा–**

(अ) गांधी जी के पुकारते ही देशवासी इकट्ठे हो गए।

(ब) गांधी जी ने पुकारा और देशवासी इकट्ठे हो गए।

(स) गांधी जी ने आवाज़ उठाई तो देशवासी इकट्ठे हो गए।

(द) जब गांधी जी ने आवाज़ उठाई, तब देशवासी इकट्ठे हो गए।

**(iv)** **'निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए–**

(क) चोर कह सकता था कि उसने चोरी नहीं की है।

(ख) यदि चोर अपना पक्ष रखता तो अवश्य निर्दोष सिद्ध होता।

(ग) जब चोर ने चोरी की ही नही तब उसे दंड क्यों मिलेगा।

(घ) चूँकि चोरी किसी और ने की है इसलिए उसे यह दोष नहीं स्वीकारना चाहिए।

**विकल्प**

(अ) केवल कथन (i) सही है। (ब) कथन (ii) व (iii)सही हैं।

(स) कथन (iii) व (iv) सही हैं। (द) कथन (i), (ii), (iii) व (iv) सही हैं।

**(v)** **अर्थ के आधार पर वाक्यों की संख्या है–**

(अ) 6 (ब) 7

(स) 5 (द) 8

**प्र0 6 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार चुनकर लिखिए –** **(1X4=4)**

**(i) स्तंभ– I और स्तंभ– II का मिलान करते हुए सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

| | स्तंभ – I | | स्तंभ – II |
|---|---|---|---|
| (I) | उपमेय में उपमान की संभावना | (क) | श्लेष अलंकार |
| (II) | शब्द के एक से अधिक भिन्न अर्थ | (ख) | रूपक अलंकार |
| (III) | उपमेय में उपमान का आरोपण | (ग) | उत्प्रेक्षा अलंकार |

(अ) (I) – क (II) – ख (III) – ग

(ब) (I) – ग (II) – क (III) – ख

(स) (I) – ख (II) – ग (III) – क

(द) (I) – क (II) – ग (III) – ख

**(ii) 'कूलन में केलि में कछारन में कुंजन में क्यारिन में कलिन कलीन किलकत है'– पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?**

(अ) यमक (ब) अनुप्रास

(स) रूपक (द) श्लेष

**(iii) 'उस काल मारे क्रोध के तन काँपने उनके लगा।**
**मानो हवा के ज़ोर से सोता हुआ सागर जगा।' – पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?**

(अ) उत्प्रेक्षा अलंकार (ब) श्लेष अलंकार

(स) मानवीकरण अलंकार (द) अतिशयोक्ति अलंकार

**(iv) 'अंबर–पनघट में डुबो रही, तारा–घट ऊषा–नागरी' – पंक्ति में निहित अलंकार है–**

(अ) श्लेष अलंकार (ब) रूपक अलंकार

(स) उत्प्रेक्षा अलंकार (द) अतिशयोक्ति अलंकार

**(v) 'पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून।' काव्य–पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है**

(अ) श्लेष अलंकार (ब) मानवीकरण अलंकार

(स) उत्प्रेक्षा अलंकार (द) अतिशयोक्ति अलंकार

**प्र0 7 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X5=5)**

पुडुकोट्टई : साइकिल चलाना एक सामाजिक आंदोलन है! कुछ अजीब–सी बात है– है न! लेकिन चौंकने की बात नहीं है। पुडुकोट्टई ज़िले की हज़ारों नवसाक्षर ग्रामीण महिलाओं के लिए यह अब आम बात है। अपने पिछड़ेपन पर लात मारने, अपना विरोध व्यक्त करने और उन जंज़ीरों को तोड़ने का जिनमें वे जकड़े हुए है, कोई–न–कोई तरीका लोग निकाल ही लेते हैं। कभी–कभी ये तरीके अजीबोग़रीब होते हैं।

भारत के सर्वाधिक ग़रीब ज़िलों में से एक है पुडुकोट्टई। पिछले दिनों यहाँ की ग्रामीण महिलाओं ने अपनी स्वाधीनता, आज़ादी और गतिशीलता को अभिव्यक्त करने के लिए प्रतीक के रूप में साइकिल को चुना है।

**(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए।**

अ जहाँ पहिया है– पी0 साईंनाथ ब साइकिल के पहिए का विकास– बी0 साईंनाथ

स पहिए की शुरुआत– पी0 साईंनाथ द जहाँ पहिया है– बी0 साईंनाथ

**(ii) पुडुकोट्टई ज़िला किस प्रांत में पड़ता है ?**

अ केरल ब तमिलनाडु

स आंध्रप्रदेश द कर्नाटक

**(iii) साइकिल चलाना सीखते ही कैसे कार्यक्रमों का आयोजन हुआ ?**

अ अधिकाधिक साइकिल चलाने की होड़ ब प्रदर्शन एवं प्रतियोगिता

स पुरुषों के साथ बराबरी की होड़ द स्वावलंबन की तरफ बढ़ना

**(iv) सर्वाधिक गरीब ज़िलों में से कौन–सा ज़िला है ?**

अ कोडालकोट्टी ब पुडुकोट्टई

स पोट्टाईकोट्टी द तमिलनाडु

**(v) ग्रामीण महिलाओं ने साइकिल को किस रूप में चुना है ?**

अ स्वाधीनता ब आज़ादी

स गतिशीलता द उपर्युक्त सभी

**प्र0 8 गद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X2=2)**

**(i) ओस की बूँद क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी ?**

अ क्योंकि नदियाँ बहुत बेरहम होती हैं, वे जलकणों को भीतर खींच लेती हैं।

ब क्योंकि कुएँ बहुत बेरहम होते हैं, वे जलकणों को भीतर खींच लेते हैं।

स क्योंकि पेड़ बहत बेरहम होते हैं, वे जलकणों को पृथ्वी के भीतर खींच लेते हैं।

द क्योंकि खेत बहुत बेरहम होते हैं, वे जलकणों को पृथ्वी के भीतर खींच लेते हैं।

**(ii)** **साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था फिर भी उसने उड़ने की कोशिश क्यों की ?**

अ वह गुफा से भागना चाहता था।

ब आकाश में रखे खजाने का रहस्य जानने के लिए

स वह उड़ने की कोशिश करके देखना चाहता था

द वह बाज से मुकाबला करना चाहता था



**प्र0 9 निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों से सबसे उचित विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X5=5)**

तेरैं लाल मेरौ माखन खायौ।
दुपहर दिवस जानि घर सूनो ढूँढ़ि ढँढ़ोरि आपही आयौ।
खोलि किवारि, पैठि मंदिर मैं, दूध दही सब सखनि खवायौ।
ऊखल चढ़ि, सींके कौ लीन्हौ, अनभावत भुइँ मैं ढरकायौ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढ़ोटा कौनैं ढ़ँग लायौ।
सूर स्याम कौं हटकि न राखै तैं ही पूत अनोखौ जायौ।

**(i)** **गोपियाँ सदा श्री कृष्ण की शिकायत ––––––––––से करती रहती थी।**

अ नंदलाला  ब देवकी

स यशोदा माँ  द उपर्युक्त सभी

**(ii)** **कृष्ण गोपियों के घर से कहाँ से मक्खन चुराते थे?**

अ रसोई घर में रखी  ब छींके की कटोरे से

स बड़े–बड़े मटकों से  द छींके की हांडी से

**(iii)** **कृष्ण किस समय गोपियों के घर से माखन चुराते थे?**

अ रात के समय  ब दिन के समय

स दोपहर के समय  द सुबह के समय

**(iv)** **गोपी ने यशोदा को उलाहना देते हुए किस प्रकार के पुत्र की बात कही?**

अ समझदार  ब अनोखा

स शैतान  द आज्ञाकारी

**(v)** **कृष्ण छींके तक कैसे पहुँच जाते थे?**

अ सीढ़ी से चढ़कर  ब टेबल पर चढ़कर

स डिब्बे पर चढ़कर  द ओखली पर चढ़कर

**प्र0 10 पद्य खंड के पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1X2=2)**

**(i)** **ढोंगी व्यक्ति का मन पूजा में क्यों नहीं लगता है ?**

अ वह दिखावा करता है  ब उसका मन एकाग्र नहीं होता

स उसका मन दसों दिशाओं में घूमता है  द उपर्युक्त सभी कथन सत्य है

**(ii)** सुदामा के पैरों में बिवाइयों के अलावा पैरों में और क्या कष्ट है ?

अ छाले पड़ गए हैं

ब ठोकर लगने से नाखून उखड़ गए हैं

स पैरों में जगह–जगह काँटे चुभे हुए हैं। कोई भी जगह काँटों से खाली नहीं है

द जूते पहनने के कारण पैर छिल गए हैं

**(खण्ड– 'ब')**

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**प्र0 11 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **(2X4=8)**

(क) लाला जी के ही लोटे ने उनके लिए किस प्रकार मुसीबत खड़ी कर दी थी ?

(ख) लाला झाऊलाल क्यों तिलमिला उठे और उन्होंने क्या कहा ?

(ग) लेखक की हथेली पर पड़ी बूँद किसके इंतज़ार में थी और क्यों ?

(घ) बूँद को समुद्र के बारे में क्या–क्या जानकारी मिली ?

(ङ) बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था ?

**प्र0 12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए–** **(2X3=6)**

(क) कबीर ने लोगों को आपा (अहंकार) त्यागने की सीख क्यों दी है ?

(ख) साधु की जाति क्यों नहीं पूछना चाहिए ? कबीर ने किस उदाहरण के द्वारा इसे समझाया है ?

(ग) 'कछू न जानी जात' के माध्यम से सुदामा क्या कहना चाहता है ?

(घ) निर्धनता के बाद मिलने वाली संपन्नता का चित्रण 'सुदामा चरित' कविता के आधार पर कीजिए।

**प्र0 13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए–** **(3X2=6)**

(क) शिवाजी कौन थे ? उनका नाम भारतीय इतिहास में क्यों लोकप्रिय है ?

(ख) भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना के साथ घटने वाली नई घटना क्या थी ?

(ग) गांधी जी के सपनों का भारत कैसा था ?

**प्र0 14. निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 100 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए–** **(6X1=6)**

**(क) शिक्षा का अधिकार**

**संकेत बिंदु–** • भूमिका • शिक्षा की अवधारणा • शिक्षा का अधिकार कानून • माध्यमिक शिक्षा का महत्त्व

**(ख) पर उपदेश कुशल बहुतेरे**

**संकेत बिंदु–** • भूमिका • उपदेश देना मनुष्य की प्रवृत्ति • कथनी से करनी श्रेष्ठ • व्यक्ति के आचरण का प्रभाव

(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य

**संकेत बिंदु–** • भूमिका • मेरे जीवन का लक्ष्य • लक्ष्य चुनने का कारण • अध्यापकों की भूमिका

**प्र0 15 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए–** **(5X1=5)**



आप राहुल गर्ग हैं, आप छात्रावास में रहते हैं। आपको पिताजी से पता चला कि आपका छोटा भाई ज्यादातर समय मोबाईल में बिताता है। इससे उत्पन्न दोषों का उल्लेख करते हुए छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

आप राकेश अग्रवाल हैं। आपके क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही के कारण डेंगू फैलने पर उसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग का ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी प्रतिष्ठित समाचार–पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए।

**प्र0 16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए–** **(4X1=4)**

बिजली की बार–बार कटौती से उत्पन्न स्थिति से परेशान महिलाओं की बातचीत का संवाद लेखन कीजिए।

**अथवा**

बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री और टिकट निरीक्षक के बीच हुई बातचीत का संवाद लेखन कीजिए।

**प्र017 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए–** **(5X1=5)**

जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

अपना पुराना मोबाईल बेचने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**––0––**

No.of Printed Pages/Questions:5/33

# O.P.JINDAL SCHOOL,SAVITRINAGAR
## ANNUAL EXAMINATION-(2023-24)
SET- B

**CLASS-VIII** **MM-80**
**Subject-Science** **Time:3hours**

**Fifteen minutes extra will be given for reading the Question Paper.**
**General Instructions – All the questions are compulsory.**

1. The Question Paper comprises of 6 sections A,B,C,D.E,F. There are 35 questions in all.
2. Section A, Q1 comprises of Q12 MCQ type questions and carries 1 mark each.
3. Section B, Q13 comprises of (i to vi) 6 Case-Based type questions.
4. Section C, Q14 comprises of 2 Assertion-Reason type questions.
5. Section D, Q15 to 23 are very short answer type questions, carries 2 marks each.
6. Section E, Q24 to Q32 are short answer type questions, carries 3 marks each.
7. Section F, Q33 to Q35 are long answer type questions, carries 5 marks each.

## SECTION- A

**1.** Which of the following determines the sex of the baby?
(a) Chromosomes (b) Chloroplast (c) Hormones (d) Pituitary

**2.** Thyroxin hormone is produced by
(a) adrenal gland (b) testes (c) pituitary gland (d) thyroid gland

**3.** Loudness of sound is determined by..
(a) Pitch (b) frequency (c) amplitude (d) time period

**4.** Which of the following does not conduct electricity..
(a) Sugar solution (b) Vinegar solution
(c) Lemon juice solution (d) Caustic soda solution

**5.** Electroplating is based on ....
(a) Heating effect of electricity (b) chemical effect of electricity
(c) Physical effect of electricity (d) magnetic effect of electricity

**6.** Lightning occurs due to...
(a) wind (b) rain (c) electric discharge (d) earthquake

**7.** An electrolyte is..
(a) a metal (b) a liquid that conducts current (c) a non-metal (d) none of these

**8.** We are able to see an object due to the presence of...
(a) light (b) dark (c) refraction (d) object

## SECTION- C

**14. Questions (i) and (ii)-are Assertion and Reason questions:**

In these questions (i) and (ii) statement of assertion followed by a statement of reason is given. Choose the correct answer out of the following choices:

**(i)Assertion- The changes which occur at adolescence are controlled by hormones.**

**Reason- hormones are chemical substances secretion from endocrine glands.**

(a)Assertion and reason both are correct statements and reason is the correct explanation for assertion

(b)Assertion and reason both are correct statements and reason is not the correct explanation for assertion.

(c) Assertion is correct statement but reason is wrong statement.

(d) Assertion is wrong statement but reason is correct statement.

**(ii)Assertion- electrical charged can be transferred from a charged object to another through a metal conductor.**

**Reason- Metal is a bad conductor of electricity.**

(a)Assertion and reason both are correct statements and reason is the correct explanation for assertion

(b)Assertion and reason both are correct statements and reason is not the correct explanation for assertion.

(c) Assertion is correct statement but reason is wrong statement

(d) Assertion is wrong statement but reason is correct statement.

## SECTION- D

**15.** What is the far point and near point of the human eye with normal vision?

**16.** What is an LED? Why is it preferred to other type of bulbs?

**17.** Two astronauts are floating close to each other in space. Can they talk to each other without using any special device? Give reasons.

OR

State the differences between ultrasonic sound and infrasonic sound?

**18.** What are viviparous and oviparous animals?

**19.** The sound from a mosquito is produced when it vibrates its wings at an average rate of 500 vibrations per second. What is the time period of the vibration?

**20.** Lightning and thunder take place in the sky at the same time and at the same distance from us. Lightning is seen earlier and thunder is heard later. Can you explain why?

**21.** Is it safe for the electrician to carry out electrical repairs outdoors during heavy downpour? Explain.

OR

Sometimes, a crackling sound is heard while taking off a sweater during winters. Explain.

**22.** Why is chromium used for electroplating? Why the objects have chromium plating are not made of chromium itself.

**23.** Name the hormones released by adrenal gland and pancreas?

**(iii)** State the various measures which can be taken to control noise pollution in our surroundings

**35. (i)**Differentiate between internal fertilization and external fertilization.

**(ii)**Draw a labeled diagram to show the female reproductive system in human beings.

**OR**


**(i)**Give two differences between a zygote and a foetus.

**(ii)**The diagrams are given showing reproduction in an organism. Observe the diagrams and answer the following questions.

(a)Name the organisms.

(b)Name the type of reproduction.

(c)Label A,B and C in the diagram.




******************